वर्ष-15, अंक-119

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, शनिवार 03 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM




**आज का विचार**

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं,माथे के पसीने में होती है!

# जल गुणवत्ता जांच को लेकर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर जिले के हर पंचायतों में पेयजल जलापूर्ति योजनाओं के 'दीर्घकालीन अनुरक्षण अनुदेश' के तहत जलापूर्ति योजनाओं से उपलब्ध किये जा रहे पेयजल के गुणवत्ता की निगरानी नियमित रूप से समुदाय स्तर पर की जानी है। इस क्रम में चयनित पंप ओपरेटर का जल-गुणवत्ता जाँच, योजना रख रखाव विषयक प्रशिक्षण जिला स्तर पर, प्रखंड सभागार शिवहर में प्रशिक्षको का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में जिला के सभी पंचायतो से 01-01 चयनित पंप ओपरेटर/अनुरक्षक ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उदघाटन कार्यपालक अभियंता, क्क॥श्वष्ठ द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रिय संस्था- 'वाटर फॉर पीपुल' के प्रतिनिधियों राज्य परामर्रि्श राजीव राणा, जिला सहायता विशेषज्ञ आशीष कुमार, अमित कुमार, ने तकनिकी सहयोग प्रदान किया।

प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, शिवहर के 'सहायक अभियंता' गुरु दत्त पांडे एवं जिला रसायनज्ञ- निखिल मिश्रा कुमार ने जल-गुणवत्ता का विधिवत प्रशिक्षण दिया एवं व्यवहारिक अभ्यास कराया।

प्रशिक्षण मे सभी कनीय अभियंता और सभी संवेदक भी उपस्थित रहे बिहार सरकार राज्य में जल गुणवत्ता की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति एक महत्वपूर्ण कार्य है। नियमित आधार पर पानी के गुणवत्ता की निगरानी का लक्ष्य जल-स्त्रोतों की रक्षा एवं शुद्ध जल की आपूर्ति ग्राम स्तर पर करने से सम्बंधित है।

हर घर नल का जल केवल पानी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के बारे में नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य गांव में जल आपूर्ति प्रणालियों के स्वामित्व, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव के लिए सभी हितधारकों जिम्मेदार और उत्तरदायी नेतृत्व की क्षमता का निर्माण करना है। समुदाय आधारित जल गुणवत्ता परीक्षण सरकारों, वार्ड क्रियान्वयन समिति और समुदायों को जल-स्त्रोतों के परीक्षण को बड़े पैमाने पर बढ़ाने में सहायता करेगा।

बताया गया कि यह पानी की गुणवत्ता पर अधिक जानकारी प्रदान करेगा ताकि इसके सुधार हेतु प्रयास किया जाना है।जल पर सुधारामत्क करवाई की जिम्मेवारी जिला रसायनज्ञ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, शिवहर की होगी।

# परिवहन विभाग की समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर जिला पदाधिकारी शिवहर पंकज कुमार की अध्यक्षता मे जिला परिवहन कार्यालय की समीक्षा बैठक की गयी।



बैठक मे जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी सुश्री सिमरन कुमारी एवं जिला मोटरयान निरीक्षक राकेश रंजन को अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निदेश दिया। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को शिवहर मे निर्माण हो रहे ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक को साप्ताहिक रूप से तथा निविदा मे दिए गए मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य का निरीक्षण करने का निदेश दिया।

जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी पंचायतों के मुखिया के माध्यम से लोगों को इस योजना के बारे मे जागरूक करने तथा आवेदन प्राप्त करने हेतु निदेशित किया।

उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री प्रखंड योजना हेतु आवेदन प्राप्त करने मे आने वाली समस्या के बारे मे मुख्यालय स्तर पर बात करने का भी निदेश दिया। विदित हो की शिवहर जिला को मुख्यमंत्री प्रखंड योजना हेतु 28 आवेदनों का लक्ष्य प्राप्त है जिसमे सभी प्रखंडो से सात(07) आवेदन प्राप्त किया जाना है।

बैठक मे जिला परिवहन पदाधिकारी सुश्री सिमरन ने बताया की शिवहर जिला मे 03 (01 पिपराही, 01 पुरनाहिया एवं 01 तरियानी मे)नये यात्री शेड का निर्माण होना है जिसके लिए जिला पदाधिकारी ने उन्हें अंचलाधिकारी के माध्यम से सुयोग्य जगह पर ज़मीन चिन्हित करना है।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को गुड सेमेरिटन के रूप मे सम्बंधित व्यक्ति को चिन्हित करके 15 अगस्त को सम्मानित कराने का निदेश दिया।

बैठक मे उप विकास आयुक्त अतुल कुमार वर्मा,अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी आफ़ताब करीम एवं जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# वाल्मीकि बस के मैनेजर बुलेट श्रीवास्तव को बेतिया में मारी गोली

## गंभीर हालत में GMCH एडमिट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेतिया, बेतिया में अपराधियो के हौसले बुलंद है यही कारण अपराधी क्राइम की वारदात को बेखौफ अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। इस बार अज्ञात अपराधियो ने वाल्मिकी बस के मैनेजर को गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से भाग निकले।



गोली लगने से बस मैनेजर बुरी तरह से घायल हो गया। आनन - फानन में परिजन उन्हें बेतिया जीएमसीएच अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात अपराधियो द्वारा चलाई गई है। गोली पेट और छाती में लगी हैं। घायल की पहचान नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरामन पट्टी बैकुंठवा निवासी पारस श्रीवास्तव के पुत्र प्रकाश रौशन उर्फ बुलेट श्रीवास्तव के रुप में हुई है। बताया जा रहा हैं कि घायल प्रकाश रौशन उर्फ बुलेट श्रीवास्तव घर से किसी काम से बैकुंठवा चौक पर आए थे। चौक से घर लौटने के क्रम में शिव मन्दिर के आगे बगीचा के पास अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची नौतन थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मौके वारदात से पुलिस ने खोखा बरामद किया है। अपराधियों की पहचान में पुलिस जुटी है।

# भोजपुरी सिनेमा के एकमात्र रैपर, रैपर हितेश्वर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**बिहार** । बेतिया के रहने वाले रैपर हितेश्वर ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है आज हम आपको बताएंगे रैपर हितेश्वर की पुरी कहानी भोजपुरी सिनेमा के एकमात्र रैपर, रैपर हितेश्वर जो कि बिहार के बेतिया से हैं हितेश्वर ने हमेशा भोजपुरी को एक मुकाम देना चाहा और इसके लिए प्रयासरत हैं हितेश्वर से बातचीत के दौरान उन्होंने अपने प्रारंभिक जीवन के विषय में कहा की मैं बचपन से ही अपने आप को एक कलाकार के रूप में देखता था हमेशा कोई ना कोई गाना उसके ही विषय में सोचना ऐसा करते मुझे संगीत में रूचि जगी और जब मैंने शुरुआत करने की सोची तो मैंने भोजपुरी चुना पर तब-तक भोजपुरी, भिखारी ठाकुर जी,शारदा सिन्हा जी ,देवी कुमार जी वाली भोजपुरी नहीं थी भोजपुरी ने अपना नाम अश्लीलता के कलम से गढ़वा रही थी मैंने सोचा क्यूं इसके लिए छोटा सा ही प्रयास किया जाए तब से मैं लगातार अपने सारे प्रोजेक्ट्स भोजपुरी में करने लगा ऐसा नहीं है की लोगों ने मुझे नकारा बल्कि बहुत सराहा मेरे बहुत से ऐसे गाने जो मिलियन व्यूज पा चुके हैं और बड़ी हिट साबित हुई है बड़े बड़े लोगों ने सम्मानित कर मेरा हौसला अफजाई भी किया हैं मैं



हर दिन हर मिनट अपने भोजपुरी जनता के लिए कुछ नया करना चाहता हूं अभी मेरा एक गाना बम लहरी जो की ङ्कस्नष्ट म्यूजिक चैनल पर प्रसारित हुआ और लोगों को बेहद पसन्द आ रहा हैं भोजपुरिया बादशाह के नाम से मुझे लोगों ने मुझे सराहा है प्यार दिया हैं और मैं आजीवन इस इस प्यार का भागी बने रहना चाहता हूं अभी कुछ दिनों में मेरे दो बड़े प्रोजेक्ट्स और जनता के सामने आएंगे और मैं चाहता हूं कि मेरे भाई मेरी प्यारी भोजपुरी माटी इसे अपने गोद में शरण दे और खूब प्रेम स्नेह लूटाए।

# ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

## चलती गाड़ी से उतरने के दौरान हादसा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेतिया, पश्चिम चंपारण के बेतिया में चनपटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। युवक चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान वह नीचे गिर गया और उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान चनपटिया थाना क्षेत्र के बनकट पुरैना पंचायत के वार्ड संख्या 10 निवासी रफीक अंसारी का 22 वर्षीय बेचे दाऊद अंसारी के रूप में हुई। घटना चनपटिया रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म नंबर 2 की है। बताया जा रहा है कि युवक आनंद बिहार से मुज्जफरपुर जाने वाली सप्तक्रांति सुपर फास्ट (12558) अप ट्रेन में सवार था। चनपटिया रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही युवक ने चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की और इसी दौरान वह रेलवे लाइन और प्लेटफार्म के बीच में फंस कर नीचे गिर गया है। चनपटिया स्टेशन से महज एक किलोमीटर की दूरी पर उसका घर था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया है।



मृतक के भाई सोहैल ने बताया कि दाऊद अंसारी 6 महीना पहले मजदूरी करने कश्मीर गया था। वह बढ़ई का काम करता था। उसकी शादी अभी नहीं हुई है। वह चार भाई और तीन बहन है। परिवार के लोग पटना में रहते है। इस घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# आपराधिक इतिहास वाला युवक बन गया शिक्षक

मधेपुरा में 31 जुलाई को नेशनल हाइवे 106 पर अपराधियों ने स्कूल जा रहे एक शिक्षक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक चंद्रशेखर झा (47) पुरैनी थानाक्षेत्र के सपरदह पंचायत के करामा वार्ड एक का रहने वाला था। शिक्षक चंद्रशेखर झा अन्य दिनों की तरह 31 जुलाई को अपने घर से आलमनगर के मध्य विद्यालय सिंहार जा रहे थे। घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर शीशबन्नी डायवर्जन के पास एनएच-106 पर बाइक सवार अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनकी पीठ के दाहिने भाग में लगी। गोली लगते ही चंद्रशेखर बाइक सहित सड़क पर गिर गए। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए।इधर, गोली की आवाज सुनकर घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घायल चंद्रशेखर के परिजनों को घटना की सूचना दी और उसे इलाज के लिए पुरैनी पीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उनका इलाज भागलपुर के मायागंज अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार की शाम को हालत बिगड़ते देख उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## बदमाशों को भी छुड़ा ले गए ग्रामीण

# हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गए दारोगा को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मुजफ्फरपुर**। बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला मुजफ्फरपुर से निकल कर सामने आ रहा है। जहां हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गए दारोगा को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। जहां आनन फानन में उन्हें साहेबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज कराया गया। इतना ही नहीं हमला कर भीड़ ने दो गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस ने छुड़ा लिया।

दरअसल, बिहार में पुलिस पर हमले का सिलसिला थम नहीं रहा। राज्य के अक्सर रेड या गिरफ्तारी करने गई पुलिस और इसके अधिकारी बदमाशों के हत्थे चढ़ जाते हैं और मारपीट के साथ साथ जानलेवा हमले के शिकार बन जाते हैं। ऐसे में ताजा मामला बिहार के मुजफ्फरपुर का है। जहां जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव में उग्र ग्रामीणों ने सादे लिबास में शातिरों को पकड़ने गए दारोगा पुनीत कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। भीड़ ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और दो हिस्ट्रीशीटर को छुड़ा लिया।

वहीं, इस घटना में दारोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन में उन्हें साहेबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। सरकारी अस्पताल में उनका इलाज कराया गया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया। सर्च ऑपरेशन कर पुलिस ने छह युवकों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के वरीय अधिकारियों ने कहा है कि पुलिस पर हमले के आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



बताया जाता है कि कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए दारोगा पुनीत कुमार अपनी टीम के साथ सादे लिबास में पहुंचे थे। दारोगा को ग्रामीणों ने चोर-चोर का हल्ला कर घेर लिया। इस बीच दारोगा ने दो हिस्ट्री शीटर को भी दबोच लिया था। जिन्हें ग्रामीणों ने पुलिस से मुक्त करा दिया। भीड़ से घिरे दारोगा को पूर्व मुखिया के बेटे ने बीच-बचाव कर निकाला।

इसके बाद दारोगा ने थाने में कॉल कर अतिरिक्त बल बुलाया। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी पहुंचे, तो सड़क पर जमे लोगों से झड़प हो गई। इसमें दो पुलिस कर्मियों को हल्की चोट आई है। पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ दिया। घटना में ग्रामीण भी घायल हैं। हमला में शामिल नवलपुर गांव के ही नीरज कुमार, सूरज कुमार, सुमंत कुमार, सतीश कुमार, रामपुकार और नंदू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि पुलिस पर हमला के आरोप में छह युवक पकड़े गए हैं। उससे पूछताछ की जा रही है।